दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 62 मुरादाबाद, 21 June 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## चीन से रिश्तों पर पीएम का बड़ा बयान, भारत को NSC की स्थायी सदस्यता पर कहा- दुनिया से पूछा जाना चाहिए



वैश्विक राजनीति और संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका की चर्चा करते हुए मोदी ने यह भी कहा, भारत कहीं उच्च, गहरी और व्यापक स्तर की भूमिका का हकदार है।'' रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की भूमिका की आलोचना से जुड़े एक सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इस मामले में तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर रवाना हो गए। इससे पहले अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं के बीच अभूतपूर्व विश्वास है। इसी के साथ पीएम ने चीन के साथ रिश्तों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बेहद जरूरी हैं।

### भारत-चीन के रिश्तों पर क्या बोले पीएम मोदी?

भारत-चीन संबंधों पर मोदी ने कहा, ''सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता जरूरी है।'' उन्होंने कहा, ''संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने, कानून के शासन का पालन करने और मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में हमारा मूल विश्वास है। साथ ही भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है।'' गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख की गलवां घाटी में 15 जून, 2020 को भारत और चीनी सेनाओं के बीच संघर्ष हो गया था। यह पिछले पांच दशक में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह का पहला संघर्ष था और इससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया था। दोनों देशों के बीच इसके बाद से तनाव कम करने के लिए मंत्री व कमांडर स्तरीय वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक स्थितियां पूरी तरह सामान्य नहीं हुई हैं।

### भारत की वैश्विक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध पर कही ये बात

इस इंटरव्यू में वैश्विक राजनीति और संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका की चर्चा करते हुए मोदी ने यह भी कहा, भारत कहीं उच्च, गहरी और व्यापक स्तर की भूमिका का हकदार है।'' रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की भूमिका की आलोचना से जुड़े एक सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इस मामले में तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है। उन्होंने कहा, ''सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवादों को कूटनीति और बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए, युद्ध के साथ नहीं।'' मोदी ने कहा, ''कुछ लोग कहते हैं कि हम तटस्थ हैं। लेकिन हम तटस्थ नहीं हैं। हम शांति के पक्ष में हैं। दुनिया को पूरा विश्वास है कि भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति है।''मोदी ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में मई में जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जेलेंस्की से बात की थी। उन्होंने कहा, ''भारत जो कुछ भी कर सकता है, वह करेगा। संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी वास्तविक प्रयासों का भारत समर्थन करता है।''

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की पैरोकारी

मोदी ने अपने साक्षात्कार में कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं को बदलना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''प्रमुख संस्थानों की सदस्यता को देखिए। क्या यह वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज का प्रतिनिधित्व करते हैं? अफ्रीका जैसी जगह... क्या इसकी कोई आवाज है? भारत की इतनी बड़ी आबादी है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान है, लेकिन क्या यह मौजूद है?'' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का हिस्सा बनने की भारत की इच्छा पर प्रधानमंत्री ने दुनियाभर में शांति अभियानों में सैनिकों के योगदानकर्ता के रूप में देश की भूमिका की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि परिषद की मौजूदा सदस्यता का मूल्यांकन होना चाहिए और दुनिया से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह चाहती है कि भारत वहां रहे? मोदी ने कहा, ''मैं स्पष्ट कर दूं कि हम भारत को किसी देश की जगह लेने के रूप में नहीं देखते हैं। हम इस प्रक्रिया को भारत के दुनिया में अपना सही स्थान हासिल करने के रूप में देखते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक परस्पर जुड़ी हुई और एक दूसरे पर निर्भर है। लचीलापन पैदा करने के लिए, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक विविधीकरण होना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जन्म स्वतंत्र भारत में हुआ है और यही कारण है कि उनकी विचार प्रक्रिया, उनका आचरण या फिर वह जो कहते और करते हैं, वह देश की विशेषताओं और परंपराओं से प्रेरित और प्रभावित है। पीएम ने कहा, ''मुझे इससे अपनी ताकत मिलती है। मैं अपने देश को दुनिया के सामने वैसे ही पेश करता हूं जैसा मेरा देश है, और खुद को भी, जैसा मैं हूं।''

## मोदी सरकार के नौ साल: सीएम योगी बोले, पीओके के लोग अब पाक में नहीं भारत में विलय चाहते हैं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अंबेडकरनगर में आयोजित जनसभा में केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाई और जिले को 1212 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ जहां भारत से अलग हुआ पाकिस्तान अपने कर्मों की सजा भुगत रहा है। उसके नागरिक भूख से मर रहे हैं। वहां एक किलो आटा के लिए छीना झपटी मची हुई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं। वहां के लोग मांग कर रहे हैं पीओके का विलय भारत में हो जाए। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक नई यात्रा की ओर आगे बढ़ चुका है। आज दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो पूरा विश्व आशा भरी निगाहों से भारत की तरफ देखता है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले तक यही भारत आतंकवाद, नक्सलवाद और माओवाद से ग्रसित था। आज कोई भी दुश्मन भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता है। देश के 15-18 जिलों में फैला माओवाद और नक्सलवाद अब 3-4 जनपदों तक सीमित रह गया है। भारत की धरती से बहुत ही जल्द माओवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल भारत के इतिहास के लिए बेमिसाल हैं। सीएम योगी ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ अंबेडकरनगर पहुंचे। इस दौरान दोनों ने 1,212 करोड़ रुपए की 2,339 विकास परियोजनाओं का लोकर्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक होगा हम गांव की इकाइयों को भी छुएं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। कल इस अवसर पर दुनिया भारत की ऋषी परंपरा के प्रति अपना आभार व्यक्त करेगी आप सब भी अपने अमृत सरोवर, पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रातः योगाभ्यास करें और योग को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि अब देश में आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद खात्मे की ओर है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजर से देखती है। दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की छवि संकटमोचन के तौर पर बनी है। अब देश में घुसपैठ नहीं होती है। सर्जिकल स्ट्राइक होती है। उन्होंने कहा कि देश से जल्द ही माओवाद और नक्सलवाद का पूर्ण खात्मा होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि कश्मीर से 370 खत्म किया जा सकता है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत आना चाहते हैं वो दरिद्र पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं।

### अब कोई माफिया किसी गरीब व व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है। अब कोई भी माफिया किसी गरीब और व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकता है। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है। प्रभु श्रीराम अपने घर में विराजमान होंगे। अयोध्या का विकास होगा तो अंबेडकरनगर को भी लाभ होगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में सौ रुपये में से 85 रुपये बिचौलिये खा जाते थे पर अब जनता को पूरा पैसा मिल रहा है। परिवारवाद, तुष्टिकरण और भाई भतीजावाद करने वाले राष्ट्र की चिंता नहीं कर सकते। यह केवल भाजपा ही कर सकती है।

### ब्रिटेन को छोड़कर पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह पीएम मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि जिस ब्रिटेन ने देश पर शासन किया भारत उसे पीछे कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत में राशन मुफ्त मिल रहा है जबकि पाकिस्तान में राशन के लिए मारामारी हो रही है।

### मोदी- योगी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनेगा

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह बहुत बड़ी बात है।

अब यूपी में प्रत्येक जरूरतमंद को राशन मिल रहा है। यूपी कृषि क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है जबकि कानून व्यवस्था के मामले में देश का आदर्श राज्य बना है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की साख पूरी दुनिया में बढ़ रही है। मोदी-योगी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनेगा।

## शिवपाल यादव बोले, श्रीराम कथा के प्रेरक चरित्रों को संकुचित करने का प्रयास किया जा रहा है



सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने आदिपुरुष के लिए भाजपाइयों से देश से माफी मांगने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो! सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने फिल्म आदिपुरुष पर मचे विवाद को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के जरिए भगवान श्रीराम कथा से जुड़े प्रेरक चरित्रों को संकुचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए भाजपाइयों को देश से माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सस्ते व सतही संवाद वाले सिनेमा के जरिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व उनकी कथा के विराट व प्रेरक चरित्रों को संकुचित करने का प्रयास किया जा रहा है। करोड़ों आस्थावान सनातनी आहत हैं,इस कृत्य के लिए तथाकथित सनातनी भाजपाई देश से माफी मांगे। ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो!एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार मतलब अन्नदाताओं का बंटाधार है। उन्होंने कहा कि यूपी में इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पिछले 17 वर्षों में सबसे कम गेहूं खरीद हुई है। यूपी सरकार के 60 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य के मुकाबले 15 जून तक सिर्फ 2.19 लाख टन गेहूं खरीदा जा सका है जो कि लक्ष्य का 3.66 प्रतिशत है।

## कर्नाटक में चावल पर गरमाई राजनीति; सिद्धारमैया बोले- नफरत और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा केंद्र

कर्नाटक के सीएम ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने हमें पत्र लिखकर कहा कि वे हमारे राज्य को चावल की आपूर्ति करने के लिए सहमत हो गए हैं। इससे पहले 14 जून को हमें एक और पत्र मिला जिसमें कहा गया था कि हम चावल और गेहूं की आपूर्ति नहीं कर सकते। इसका मतलब क्या है?कर्नाटक में चावल पर राजनिति गरमा गई है। राज्य के सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने केंद्र सरकार द्वारा पक्षपात की राजनीति करते हुए चावल की आपूर्ति न करने का आरोप लगाया है। सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर उसके अन्न भाग्य योजना के चुवावी वादे को पूरा करने में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा है कि केंद्र जनता के मन में भ्रम की स्थिति पैदा करना चाहती है। बता दें कि इस योजना के तहत प्रति व्यक्ति खाद्यान्न की मात्रा को



अब बढ़ाकर 10 किलोग्राम कर दिया है।

### सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कर्नाटक के सीएम ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने हमें पत्र लिखकर कहा कि वे हमारे राज्य को चावल की आपूर्ति करने के लिए सहमत हो गए हैं। इससे पहले 14 जून को हमें एक और पत्र मिला जिसमें कहा गया था कि हम चावल और गेहूं की आपूर्ति नहीं कर सकते। इसका मतलब क्या है? अगर एफसीआई के पास स्टॉक ही नहीं था तो अब वे क्यों मान गए। वे नफरत की राजनीति कर रहे हैं। यह सरकार गरीब विरोधी है।

### उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी खोला मोर्चा

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के साथ ही उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी इस मुद्दे पर केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा कि हम मुफ्त में चावल नहीं मांग रहे हैं। हमने पंजाब, छत्तीसगढ़ और अन्य पड़ोसी राज्यों से बात की है। हम उनसे अनाज खरीदने जा रहे हैं। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि राजनीति न करें। आप अपना चावल नहीं दे रहे हैं, यह किसानों का चावल है। हमें किसी का मुफ्त चावल नहीं चाहिए, कर्नाटक सरकार इसे खरीदने में सक्षम है। गौरतलब है कि इससे पहले सीएम सिद्धरमैया ने केंद्र सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाया था।

## संपादकीय Editorial

# Civil war situation in Manipur

The process of violence and killings has been going on for almost 50 days. Meitei and tribal communities like Kuki, Naga, Jomi etc. are local in Manipur. Caste division among them has been eternal. Union Home Minister Amit Shah had stayed for 5 days, held talks with local representatives, government package was also announced, but since his return to Delhi, violence has flared up again. More than 4000 houses have been burnt, including Union Minister of State for External Affairs Rajkumar Ranjan Singh, a minister of the state government and some MLAs. The death toll has gone up to 125 and the injured are around 3000.

This number is increasing. About 60,000 people have been displaced and have fled. Many people are in relief camps, while extremely scared people are coming to the capital Delhi. The Union Minister has clearly commented that the state government of Manipur has completely failed. Lt Gen Nishikant Singh is settled in Manipur after retirement.

He has compared Manipur to countries like Syria, Libya, Lebanon, Nigeria etc that anytime, anyone can kill anyone, burn houses and destroy property. Former Army Chief General Ved Malik has shared his army-mate's concerns and urged early intervention at the level of the Prime Minister. If this situation is not a civil war, then what is? The basic problem of Manipur is not only Meitei vs Kuki, but also political, social, level of security forces. There are conditions of division in every class. A dimension of Manipur is also linked to Myanmar.

When the military overthrew the political power in Myanmar, there was a lot of violence, so the big opium traders there decided to come to Manipur. In this way the empire of opium was established in the mountainous areas of Kuki dominance. Intelligence agencies gave the full report to Prime Minister Modi, so the government gave an economic package of Rs 100 crore to Chief Minister Biren Singh, so that the opium trade could be ended.

Manipur's BJP government could not take this action, but Meitei's decision of a single bench of the High Court of Scheduled Tribes threw Manipur into the fire of civil war. However, the Supreme Court was of the view that a single judge cannot pronounce such a judgment. Indirectly the decision of the High Court was set aside.

In fact, it is an ethnic civil war over opium that has divided even the local police and paramilitary forces. Both are making serious allegations of favoritism on each other. Out of the more than 4000 weapons that were snatched by the miscreants, only 1000 weapons have been returned.

The rest are with those who spread civil war. Some experts believe that the weapons have been provided to the local miscreants by the policemen themselves, so that they can fight.

Meitei constitute about 53 per cent of the population in Manipur and out of total 60 MLAs in the assembly, 40 MLAs are Meitei and his supporters. This community is settled in the Imphal Valley and is religiously Hindu.

Not only Kukis, a total of 33 tribes are settled in the hilly areas. However, the Prime Minister should give priority to this issue.

# Environment: Result of desolation of Aravalli, danger for future sand storms in Rajasthan

The disappearance of Aravalli hills has increased sand storms in Rajasthan, which is dangerous for the future. A research published in the latest issue of the international journal Earth Science Informatics has warned that the disappearance of hills in the Aravalli range could lead to the destruction of Rajasthan. There has been an increase in sand storms. Places like Bharatpur, Dholpur, Jaipur and Chittorgarh, which have been hit hard by illegal mining, land encroachment and deforestation in the Aravalli ranges, are facing more sandstorms than usual. In April and May this year, many of these areas were washed away by sandstorms and rains, in which many people lost their lives. On May 28-29 alone, 16 people died across the state due to severe thunderstorms. The highest number of 12 deaths occurred in Tonk district, surrounded by the Aravalli hills. On Thursday and Friday also, there was a high speed thunderstorm, due to which electric poles fell in many villages and cities, due to which half of Rajasthan lost power. Many trees were uprooted and roofs were blown off many houses. After the year 2015, the number of such blind people is increasing. There is loss of life and property due to the storm, there is also tremendous damage to public properties. Not only Rajasthan, the existence of Delhi and Haryana also depends on Aravali. A research by ISRO suggests that the Thar desert is now taking root in many states outside Rajasthan. Very few people pay attention to the fact that millions of tons of sand are blown out of the desert every day. Especially in summer, this dust covers the whole environment and its bad effect is more than the smog seen in winter. The Aravalli ranges have been acting as a protective layer for centuries to prevent sandstorms from reaching farming and green areas. The irony is that in the last four decades human interference and mining has increased so much that in many places the mountain ranges have been replaced by deep gorges. Because of this also, now the layer of sand is expanding on the fertile land. Starting from Khed Brahm in Gujarat, the Aravalli range extends for 692 kilometers and ends at Raisina Hills, where the Rashtrapati Bhavan is located. The Aravalli range is believed to be some 650 million years old and is counted among the oldest mountains in the world. A large part of such an important natural structure has not only completely disappeared in the last four decades, but many peaks have been replaced by deep gorges. In fact, the Aravalli mountains have been working to stop the storms from the desert, due to which the desert did not expand, and secondly, its greenery became the cause of clean air and rain. At least 31 low- and mid-elevation hills in the upper Aravalli ranges of Haryana and northern Rajasthan have completely disappeared in the last two decades, besides many other hills, the report, published in an international journal, said. About three years ago, the Supreme Court had also asked the government about this. In the study conducted during the year 1975 to 2019, it was found that dense settlements in the forest area was one of the main reasons for the disappearance of the hills. The results of the study showed that between 1975 and 2019, 3,676 sq km of Aravalli land became barren. There has been a reduction of 5,772.7 sq km (7.63 per cent) in the forest area of the Aravalli during this period. If this condition continues, then the scope of the strike of Andhar will increase. Desolation of Aravalli mountain means desolation of forest and water resources there, extinction of rare vegetation. As a side effect of this, wild animals enter human settlements in search of food and incidents of human-animal conflicts are increasing. Therefore, along with reducing illegal mining and land encroachment, continuous monitoring of the area, forest protection and clearing should be done. If Aravalli gets more damage, then even Delhi will not be spared from the attack of severe thunderstorm.

# Development gained momentum due to reduction in inflation; Contribution of agro-hotel industry and construction sector to the betterment of GDP

Industrial production stood at 4.2 per cent in April, while the Index of Industrial Production (IIP) grew by 6.7 per cent. According to NSO data, the manufacturing sector grew by 4.9 per cent and mining by 5.1 per cent in April. At the same time, a decline of 1.1 percent has been registered in electricity production. According to the Ministry of Statistics and Program Implementation, consumer price index (CPI) based inflation reached the level of 4.25 percent in May, while it was 4.7 percent in April. It was 7.04 percent in May last year. This is the fourth consecutive month when retail inflation has come down and the third consecutive month when retail inflation is below the ceiling of six per cent set by the Reserve Bank. Inflation has come down on the back of a decline in food and fuel prices. Inflation is directly related to the purchasing power of a person. For example, if the inflation rate is 10 per cent, you will have to spend Rs 10 more out of your Rs 100 earning just because of the increased cost of commodities and food items. The positive result of reduction in inflation is visible on industrial production. Industrial production stood at 4.2 per cent in April, while the Index of Industrial Production (IIP) grew by 6.7 per cent. According to NSO data, the manufacturing sector grew by 4.9 per cent and mining by 5.1 per cent in April. At the same time, a decline of 1.1 percent has been recorded in electricity generation. The central bank has kept the repo rate unchanged at 6.50 percent in the latest monetary review due to softening inflation, while the Reserve Bank has increased the repo rate by 250 basis points since May last year. This decision of the Reserve Bank is being considered unexpected, because recently all the central banks of the world had increased the policy interest rates. By keeping the repo rate unchanged, where the borrowers will get relief, the pace of development will accelerate. The Reserve Bank wants the recovery of the economy to accelerate further. Due to no increase in the repo rate, the stock of banks has also seen a boom. A slight decline has been registered in the rupee against the dollar, but its negative impact on the economy will be almost negligible. Right now the aim of the Reserve Bank is to strike a balance between growth and inflation, so that the common man does not suffer and the pace of development also accelerates. According to the Governor of the Reserve Bank, banking and non-banking financial institutions in India remain strong despite the Corona epidemic, geopolitical crisis, inflation, softening of the global economy. Gross Domestic Product (GDP) stood at 6.1 percent due to a significant reduction in inflation in the past months, while in December 2022, the Monetary Policy Committee (MPC) had projected GDP to be 4.2 percent in the last quarter of the financial year 2022-23. Improvement in the growth rate of the entire financial year was recorded due to improvement in the GDP growth rate in the fourth quarter of the financial year 2022-23. In the first financial year 2022-23, the MPC had estimated 6.8 percent of GDP, which in reality was 7.2 percent. Agriculture, hotel industry and construction sector have made special contribution in improving the growth rate of GDP. Along with the growth in GDP, investment and consumption are also witnessing a boom. In the first quarter of the year 2023, an increase of 18.3 percent in investment rate and 13.4 percent in consumption was recorded. The main reason for the increase in investment is the 'Production-Linked Incentive' (PLI) scheme of the government. Because of this, businessmen got special help to get out of difficult times during the Corona period. It is clear that due to inflation, there is a negative impact on the GDP growth rate. Inflation remained at a high level continuously in the past years, but now it is declining. Therefore, it should be expected that India's growth rate will pick up further in the coming months and the economy will also get stronger gradually.

# Curb on terror, when will the process of infiltration of trained terrorists from across the border end?

Indian intelligence agencies got timely accurate information about the infiltration of five dreaded terrorists and on the basis of that the army and security forces successfully killed them. The way the security forces did not have to suffer any damage in this anti-terrorist operation that lasted for a long time. The elimination of five terrorists trying to infiltrate in Kupwara of North Kashmir is a major success for the security forces. All these terrorists were trained in guerrilla warfare and equipped with extremely lethal weapons. Generally such modern weapons are used in the war zone. These terrorists had entered India with the intention of carrying out a major terrorist incident. Some of them are also of Pakistani origin and they were related to the terrorist organization Ghaznavi Force. Not surprisingly, this terrorist organization has been named after the dreaded Islamic invader Mahmood Ghaznavi, because at one time he caused large-scale destruction in India. The activism of such terrorist organizations sponsored and protected by Pakistan in Jammu and Kashmir shows that the so-called war being fought in the name of Kashmir is completely religious terrorism. This Jihadi terrorism has nothing to do with civil-political rights, autonomy etc. It should not be overlooked that before this, the activism of the barbaric Jihadi organization Islamic State has also been seen in Kashmir. Apart from this, the activism of terrorist organizations like Jaish-e-Muhammad and Lashkar-e-Toiba has also been making the same statement that terrorism in Kashmir is religious terrorism. Pakistan is giving food and water to this terrorism. Although he has been desperate for some time now and is reaching out to the world for financial help, but despite his poor condition, he is not desisting from supporting and patronizing terrorism. Pakistan does its duty by calling such terrorists born here as non-governmental elements, because it does not have to face the punishment for its actions. It is worth mentioning that the Indian intelligence agencies got timely accurate information about the infiltration of five dreaded terrorists and on the basis of that the army and security forces successfully killed them. The manner in which the security forces did not suffer any loss in this anti-terrorist operation which lasted for a long time in the night, is also worthy of underlining. In order to take on the terrorists, such efforts should be made so that the security forces have to face minimum risk. Along with this, it should also be considered that when will the process of infiltration of Pakistan trained and nurtured terrorists from across the border end? This is the question, the answer of which will have to be found by India, otherwise Pakistan is not going to desist from its nefarious activities. Now that the evidence is in front that it is nurturing terrorism as before, then some new measures will have to be taken to deal with it. If he does not have to pay the price of patronizing terrorism, then his health is not going to be affected.

# कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, की जर्जर सड़कों को ठीक कराने की मांग



मुरादाबाद-जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा मार्ग व महानगर के बुधवाजार समेत कई जर्जर सड़कों को ठीक कराने, करूला और लोकोशेड पुल पर यातायात बहाली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व जिले के कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने नगर निगम प्रशासन व महापौर के बीच खींचातानी के चलते सफाई कार्य ठप होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी में सभी वार्डो को शामिल न करने पर भी आपत्ति जताई। कांग्रेस नेताओं ने महानगर से ठाकुरद्वारा मार्ग की दुर्दशा सुधारने, करूला व कपूर कम्पनी पुलों पर यातायात पूर्ववत बहाल करने,सिटी बसों का संचालन मूंढापांडे तक करने व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण की जांच कराए जाने आदि मांग का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान अनूप दुबे ,उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक ,अमीरूल हसन जाफरी, अल्पसंख्यक बिभाग के अफजल साबरी, राजेन्द्र वाल्मीकि ,भयंकर सिंह बौद्ध, पार्षद नदीम अंसारी ,जुनैद, मोअज्जम, परवेज, शमशेर अब्बासी, जय प्रकाश ठाकुर, मुशाहिद चौधरी, एहसान, डॉ सिराज, गय्यूर अंसारी, अकरम खा, गंगाराम शर्मा, विवेक कुमार ,विवेक अग्रवाल, सतीश दिवाकर, दर्शन लाल, नाजिम, नरेंद्र सिंह, शरीफ आजाद, गुलवेज, इरशाद हुसैन, कामिल मंसूरी समेत सैकड़ों कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल रहे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# बस अड्डा की पार्किंग पर कब्जा, अतिक्रमण पर पत्रों की जंग...डीएम का निर्देश भी बेअसर

मुरादाबाद-पार्किंग में खड़े हैं विभिन्न मामलों में पकड़े गए वाहन, सफाई न होने से उग आई झाड़ी छिप गए वाहन, अवैध कब्जे से निगम का स्टाफ व यात्री भी होते प्रभावित, शाम होते ही गुलजार होते खान-पान के स्टाल रोडवेज बस स्टेशन पर अतिक्रमण से असुविधा है। इसे हटाने के लिए परिवहन निगम प्रबंधन पत्रों की लड़ाई लड़ रह है। मई 2022 में अवैध पार्किंग स्टैंड व अतिक्रमण पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताकर कार्रवाई को कहा था। इस पर उप्र राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों ने भी सक्रियता दिखाई और बस स्टेशन परिसर और आसपास से अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखा। स्थिति यह है कि सोमवार को भी परिसर में निगम के अधिकारियों के वाहन भी बस अड्डा परिसर में बसों के बीच खड़े रहे। वैसे स्टेशन परिसर में अधिकारियों-कर्मियों के वाहन खड़े करने को पार्किंग तो है लेकिन, उसे पुलिस और ठेला-खोमचा वाले घेरे हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन व अन्य मामलों में पकड़े गए वाहनों को पुलिस ने लाकर बस अड्डे की पार्किंग में खड़ा कर रखा है। यह वाहन लंबे समय से खड़े हैं। वहां झाड़ियां उग गई हैं, जिसमें वाहन छिप जा रहे हैं। कूड़ा भी पसरा है। यह हाल गलशहीद पुलिस चौकी के पीछे का है। यहीं पुलिस चौकी के पीछे नगर निगम का पेड वाटर एटीएम लगा है, जहां लोग शीतल जल पीने आते हैं। सड़ रहे कूड़े से तीव्र दुर्गंध आती है। वाटर एटीएम के आपरेटर विक्की राजपूत कहते हैं दुर्गंध है लेकिन वह कुछ नहीं कर सकते।

अ व ै ध



## गतिविधियों से यात्री भी प्रभावित

सहायक संभागीय प्रबंधक (एआरएम) नरेश चंद्र गुप्ता बताते हैं कि बस अड्डा परिसर और मुख्य मार्ग के बीच परिवहन निगम की पार्किंग है। यहां चाय, अंडे व परचून की दुकानें लगती हैं। इसी पार्किंग में पुलिस की तरफ से कार्रवाई वाले वाहन खड़े कराए गए हैं। सफाई नहीं हो पाती है। गंदगी है, झाड़ियां उग आई हैं। शाम को आकर शराब आदि का भी सेवन करते हैं। आए दिन कोई न कोई विवाद की शिकायत आती है। इन्हीं दुकानों के पास ही ई-रिक्शा, टेंपो वाले सवारी बैठाते हैं। वह बताते हैं कि उन्होंने नगर नगम और जिला प्रशासन को एक नहीं कई पत्र लिखे हैं लेकिन,अतिक्रमण नहीं हटा।

## डीएम का निर्देश भी बेअसर

23 नवंबर 2022 को कलेक्ट्रेट में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी डीएम ने रोडवेज बस अड्डे के आसपास अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। फिर इस साल सात जनवरी को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्रीय प्रबंधक ने बस स्टेशन के पास अतिक्रमण होने की जानकारी देकर इसे हटाने का अनुरोध किया था। डीएम ने नगर आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे लेकिन, अब तक स्थिति जस की तस है।

कब-कब लिखे गए पत्र

18 मई 2022 = सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने अवैध पार्किंग स्टैंड हटाने का निर्देश दिया।

19 मई 2022 = प्रबंध निदेशक परिवहन निगम ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को बस अड्डों के आसपास प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

21 मई 2022 = क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद परवेज खान ने डीएम को पत्र लिखकर बस अड्डा परिसर के निकट मुख्य सड़क किनारे वेंडरों व वाहनों को हटवाने का अनुरोध किया।

23 अगस्त 2022 = सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश चंद्र गुप्ता ने डीएम को पत्र लिखा। बस स्टेशन, कार्यशाला व कार्यालय परिसर के निकट अतिक्रमण हटवाने का अनुरोध किया।

19 दिसंबर 2022 = क्षेत्रीय प्रबंधक ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बस स्टेशन के बाहर अतिक्रमण हटाने के संबंध में अनुरोध किया।

23 जनवरी 2023 = क्षेत्रीय प्रबंधक ने मुरादाबाद व पीतलनगरी डिपो के एआरएम को बस स्टेशन के आसपास अतिक्रमण हटवाने को पत्र लिखा।

बस अड्डे के कायाकल्प के इंतजार में एआरएम

रोडवेज बस अड्डे का कायाकल्प होना है। यह कार्य स्मार्ट सिटी योजना में प्रस्तावित है लेकिन, काम की शुरूआत कब होगी, यह सब अभी अनिश्चित ही है। बस अड्डे के कायाकल्प के बारे में अभी तक नगर निगम के अधिकारियों ने प्लान ही नहीं बनाया है, जबकि सहायक संभागीय प्रबंधक (एआरएम) को उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण शुरू होगा। कुछ समय बाद बस अड्डा खूबसूरत दिखने लगेगा। दूसरी तरफ नगर निगम के मुख्य अभियंता एके मित्तल का कहना है कि रोडवेज बस अड्डा के कायाकल्प के संबंध में अभी कोई एस्टीमेट नहीं बना है। उन्होंने कहा कि बस अड्डा के कायाकल्प के संबंध में अभी तक उनके पास कोई डिटेल नहीं आई है। इसलिए उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, एआरएम ने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार यादव को बस अड्डे के कायाकल्प के संबंध में प्रस्तावित डिजाइन की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। लेकिन, इस मामले में अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। एआरएम ने बताया कि उन्हें अपर नगर आयुक्त ने बताया था कि बस अड्डा पर स्मार्ट सिटी से 25 लाख रुपये तक के कार्य कराए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि यदि बस अड्डा पर कुछ विकास कार्य हो जाएं तो अव्यवस्थाएं दूर हों। जब भी डीएम की बैठक में गए, उसमें पीतलनगरी व मुरादाबाद रोडवेज बस अड्डा परिसर व उसके आसपास अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। कई बार नगर आयुक्त व डीएम से मौखिक भी अनुरोध किया। पुलिस अधिकारियों से पार्किंग खाली कराने के लिए कहा। लेकिन, कुछ नहीं हुआ। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि बस अड्डा की पार्किंग में खड़े वाहन के मामले कोर्ट में लंबित हैं।निर्णय होने पर नीलामी हो सकती है।- मोहम्मद परवेज खान, क्षेत्रीय प्रबंधक-उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम

रोडवेज बस अड्डे पर जो अतिक्रमण है, उसके बारे में क्षेत्रीय प्रबंधक ने हमें बताया है। मामले में नगर आयुक्त को कार्रवाई के लिए कहा भी था। इसकी जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी को देकर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कराएंगे।- शैलेंद्र कुमार, जिलाधिकारी

# लागा चुनरी में दाग घर जाऊं कैसे पर श्रोताओं ने मन्ना डे को किया याद




मुरादाबाद-शहर के कलाकारों ने प्रदर्शनी के मंच पर बिखेरे जलवेकार्यालय देश के कोने कोने में मुरादाबाद का नाम रोशन कर रहे उभरते गायक और संगीत कलाकारों ने सोमवार को एक शानदार प्रोग्राम एक शाम संगीत के नाम में प्रदर्शनी के मंच पर अपने फन जलवा बिखेरा। कुछ पल के लिए मंच पर मन्ना डे, किशोर दा, मुकेश और मोहम्मद रफी की दर्द मोहब्बत भरे नगमों से पंडाल में बैठे हजारों श्रोताओं की पुरानी यादें ताजा कर दी। शहर के कृष्णोफर संगीत ग्रुप के कलाकारों ने अपने संगीत की धुन से लोगों का मनमोह लिया। प्रदर्शनी में शाम के कार्यक्रम का प्रारंभ स्नातक एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त और उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ महामंत्री व प्रशासनिक अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए किया। जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत जिगर मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम मैं गजल गायक डॉक्टर विनीत गोस्वामी द्वारा सूफियाना कलाम दमा दम मस्त कलंदर, लागा चुनरी में दाग घर जाऊं कैसे ,सिंगर गोपी कृष्ण द्वारा तुम पुकार लो तुम्हारा इंतजार है, तुम भी चलो हम भी चले एवं अमन सांवरिया द्वारा तेरी दीवानी पिया रे पिया रे और मैं तो तेरे प्यार में एवं पूजा ने तेरे हवाले कर दिया इश्क करूं या न करूं इबादत नामक फिल्मी गीत जब पेश किए तो पंडाल में बैठे श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनी कमेटी के नींव रखने वाले स्वर्गीय राकेश चंद्र शर्मा वरिष्ठ सदस्य प्रदर्शनी समिति की स्मृतियों को भी याद किया इस दौरान उनकी पत्नी श्रीमती संगीता शर्मा का सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन बाबा संजीव आकांक्षी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रदर्शनी समिति के सम्मानित सदस्य गण डॉ प्रदीप शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, नवेद सिद्दीकी, कशिश वारसी, परवेज नाजिम, डॉक्टर बृजपाल यादव, राधेश्याम शर्मा एवं प्रभारी प्रदर्शनी राहुल आदि उपस्थित रहे।

# 10.70 लाख के नकली नोटों के साथ आगरा में पकड़ा गया मुरादाबाद का ठग, लाटरी के नाम पर करता था धोखाधड़ी

मुरादाबाद-पुलिस कमिश्नरेट आगरा के थाना हरी पर्वत पुलिस टीम ने 10.70 लाख के नकली नोटों से लाटरी के नाम पर ठगने वाले मुरादाबाद के युवक को पकड़ा है। उसके पास से नकली नोटों की गड्डियों सहित अन्य सामान हुआ बरामद हुआ है। आगरा जिले के थाना हरी पर्वत प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक वाल्मीकि बस्ती से पालीवाल पार्क के पास राह चलते लोगों से फर्जी नोटों के द्वारा लॉटरी के नाम पर ठगी कर रहा है। इस सूचना पर वह तत्काल कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से नकली नोटों की तीन गड्डी 2,000 रुपये के नोट की, आठ गड्डी 200 की, छह गड्डी 500 की और एक गड्डी 100 रुपये के नकली नोटों की और एक लॉटरी पर्चा चार्ट बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद शोएब पुत्र असलम निवासी जयंतीपुर रोड टीचर्स कालोनी थाना मझोला बताया। उसने बताया कि वह कालोनियों में जाकर लॉटरी लगाने के नाम पर नकली नोटों से लोगों को ठगता है। वह असली नोटों जैसे दिखने वाले नकली नोटों पर 100, 200, 500, 2000 रुपये के नकली नोटों की गड्डी बना लेता है। लोगों को डिब्बे में रखी हुई गड्डियों को दिखाकर झांसे में फंसा लेता है। लॉटरी के नाम पर रुपये लेकर चालाकी से नकली नोटों को लोगों को देकर चकमा देते हुए निकल जाता है।

## टीएमयू में प्रवेश के नाम पर ठगी के तीनों आरोपी जेल गए

पाकबड़ा। टीएमयू में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के नाम पर छात्र से धोखाधड़ी करने वाले युवक व उसके दोस्त सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संभल जिले के हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव भारतल निवासी ऋषभ चौधरी ने टीएमयू में बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के लिए 15 मई को टेस्ट दिया था। जिसमें वह फेल हो गया। उसके गांव का ही रोहित पाल भी टीएमयू में पढ़ाई कर रहा है। रोहित पाल और उसके साथी तुषार ने ऋषभ चौधरी से एडमिशन के नाम पर 45,500 रुपये ठग लिए थे। साइबर कैफे संचालक गुरेठा गांव निवासी रिजवान ने फर्जी फीस रसीद बनाकर दी थीं। टीएमयू में जाकर फीस रसीद और अन्य अभिलेख दिखाए तो वह फर्जी निकले। पुलिस ने सोमवार को तुषार, रोहित एवं रिजवान को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पद्धति से धान की खेती करने के लिए बीज खाद एवं रोगों की रोकथाम के लिए दवाई दिया गया

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसायटी ने किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ओडगी ब्लॉक के दूरस्थ बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा के 20 किसानों को मचान खेती के लिए बीज खाद एवं अन्य सामग्री तथा श्री पद्धति से धान की खेती करने के लिए बीज खाद एवं रोगों की रोकथाम के लिए दवाई दिया गया जिसमें किसानों के अलावा सरपंच ग्राम विकास समिति के सदस्य धनसाय सूबे लाल जवाहरलाल अमर सिंह विमलेश महावीर सिंह रामनंदन निरंजन सिंह रामबरन हरिलाल रामप्रसाद रामसजीवन मातुकधारी सिंह और अन्य ग्रामीण और संस्था के तरफ से राजू प्रसाद सिंह ( कम्युनिटी मोबिलाइजर ) और सीआरपी धर्मेंद्र प्रताप विश्वकर्मा मौजूद रहे। हमारी संस्था ( IGSSS ) किसानों को आगे बढ़ाने उनकी आमदनी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्षो से अलग अलग क्षेत्र में काम कर रही है जिसके लिए संस्था द्वारा किसानों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है फिर संस्था द्वारा किसानों को बीज खाद उपलब्ध कराया जाता है फिर उन्हें ऐसा करने का फायदा समझा कर उनके हुए फायदों को दिखाकर स्वयं से करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अब तक हम ग्राम पंचायत सेमरा में 250 से अधिक किसानों के साथ अलग अलग ऐक्टिविटी में काम कर चुके हैं राजू प्रसाद सिंह ,कम्युनिटी मोबिलाइजर IGSSS टीम सुरजपुर पिछले ढाई सालों में संस्था की मदद से काफी किसान अरहर की खेती सरसों खेती मचान खेती से लाभान्वित हुए हैं उन्होंने संस्था के कार्य व सहयोग को सराहा है मुझे भी संस्था के साथ कार्य करके अच्छा महसूस होता है क्योंकि इसमें कार्य करके मुझे मेरे गांव में एक नई पहचान मिली है धर्मेंद्र विश्वकर्मा सीआरपी सेमरा

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर राजीव युवा मितान ने केक काटकर खिलाड़ियों को वितरण किया खेल सामग्री

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत अवंतिकापुर में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा खिलाड़ियों के बीच में केक काट कर जन्मोत्सव मनाया । पिछले वर्ष पूरे छग में ओलंपिक खेल? के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में राजिव युवा मितान क्लब की ओर से कई प्रकार का खेलों का आयोजन हुआ था तब उस समय अवंतिकापुर के खिलाड़ियों ने खेल सामग्री की मांग रखी थी जिसे राजिव युवा मितान क्लब ने खिलाड़ियों को खेल सामग्री दिया। *राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा है कि कोई भी खिलाड़ी एक गांव स्तर पर खेलता है तभी वह जाकर कहीं ना कहीं राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग लेता है उस समय पुरे राज्य के साथ देश को गौरवान्वित करता है।* खेल से शारीरिक व मानसिक दोनों प्रकार का व्यायाम होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत ही जरुरी होता है खेल में हार जीत होता रहता है हारने वाला खिलाड़ी को हारकर कभी बैठना नहीं चाहिए आज हारा है तो कल जरूर जीतेगा। इस मौके में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष जगनाथ प्रसाद सोनी तथा सचिव तुलसीराम जायसवाल खिलाड़ीयों में आकाश वैस ,संजय जायसवाल रामायण जायसवाल, लाल बहादुर वैस, बृजेश देवांगन, सतिश वैस, अमन जायसवाल ,शिवशंकर वैस, संदीप जायसवाल,अरविंद बैस, कृष्णमुरारी वैस, रामप्रताप देवांगन गोलू वैस,रमन जायसवाल अर्जून बैस, रितेश बैस उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सप्ताहअभियान में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आए हुए विद्यालय कोजिला न्यायाधीश द्वारा पुरस्कृत किया गया



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

नैनीताल - उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में 12 जून से 18 जून 2023 मध्य चले स्वच्छता अभियान में जहां आम जनता के साथ ही जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न विद्यालयों में भी स्वच्छता सप्ताह अभियान आयोजित किया गया। जनपद में विभिन्न विद्यालयों में आयोजित स्वच्छता सप्ताह अभियान में प्रथम स्थान पर जीआईसी गुनियालेख तथा द्वितीय स्थान पर एसएमआरजे जीआईसी नैनीताल को जिला न्यायाधीश द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त जिला न्यायालया से श्रमदान हेतु जिला न्यायाधीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया साथ ही रैली के दौरान नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चों ने बताया कि स्वच्छता अभियान से जहां हमें एक स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिलती है हम इस प्रेरणा के द्वारा अपने परिवार के साथ ही समाज में अन्य बच्चों व आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश ने कहा कि हर नागरिक को समाज के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड एक ईको सेंसटिव राज्य है यहां प्लास्टिक नही होना चाहिए।

# एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया में टेलेंट एसेसमेंट कैंप का भव्य आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा-एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में ॑टैलेंट एसेसमेंट कैंप॑ का आयोजन किया जा रहा है द्य नेशनल इंटर डिस्टिक जूनियर एथलेटिक मीट जिसका आयोजन इस वर्ष पटना में किया गया । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया है। कैंप का आयोजन बेंगलुरु, पटना, लखनऊ, गांधीनगर, भोपाल और पटियाला में बीस जून से पांच जुलाई 2023 तक किया जाएगा । एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा चयनित खिलाड़ियों के खाने रहने तथा किट की व्यवस्था करेगी ।एथलेटिक फेडरेशन आफ इंडिया जूनियर बालक-बालिकाओं के टैलेंट को उभारने के लिए इस प्रकार के कैंप का आयोजन कर रही है ।उत्तर प्रदेश से 121 बालक एवं 49 बालिकाओं का ही चयन किया गया है। इनको साईं सेंटर लखनऊ में कुशल प्रशिक्षकों के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेलों की बारीकियों को भी सिखाया जाएगा । जिला एथलेटिक संघ बरेली के होनहार एथलीट कादिर खान का चयन उक्त कैंप के लिए क्या गया है।

कादिर खान आलम आर्मी स्पोट्र्स अकैडमी रिठौरा में साहिबे आलम एथलेटिक कोच के दिशा निर्देशन में नित्य सुबह शाम अभ्यास कर रहा है। कादिर खान का टैलेंट एसेसमेंट कैंप मैं चयन होने पर साहिबे आलम एथलेटिक कोच व समस्त खिलाड़ियों ने कादिर खान को माला पहनाकर उसकी इस बड़ी उपलब्धि पर सम्मानित एवं हर्ष व्यक्त किया ।जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नवाब मुजाहिद हसन खान, हरीश अरोड़ा, प्रदीप कुमार गुप्ता, हरपाल मौर्य, डॉक्टर ऋतुराज ( फिजियोथैरेपिस्ट ) जितेंद्र यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बधाई दी

# डीसी सुरभि मलिक ने उद्योगपतियों से जेडईडी प्रमाणन योजना का लाभ लेने का आह्वान किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ( एमएसएमई ) के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उत्पादों के निर्माण में शून्य दोष प्राप्त करने और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने के लिए, लुधियाना प्रशासन ने एनजीओ सिटी नीड्स के सहयोग से मंगलवार को बचत भवन में जेडईडी प्रमाणन योजना एक कार्यशाला का आयोजन किया। विभिन्न संघों के 100 से अधिक उद्योगपतियों ने कार्यशाला में भाग लिया और सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त सुरभि मलिक ने कहा कि लुधियाना पहले से ही पंजाब में जेडईडी प्रमाणन और पंजीकरण की अधिकतम संख्या में अग्रणी जिला है।

उन्होंने एमएसएमई द्वारा निर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ज़ेड प्रमाणन के लाभों का खुलासा किया जो उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि जेडईडी मॉडल एमएसएमई को धीरे-धीरे अपनी क्षमता का निर्माण करने और संरचनात्मक तरीके से उत्कृष्टता के वांछित स्तर को प्राप्त करने में सहायता करेगा।उपायुक्त मलिक ने यह भी कहा कि कार्यशाला निर्माण प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करेगी जो वांछित गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने में एक लंबा रास्ता तय करेगी और इस प्रकार एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगी। उपायुक्त मलिक ने कहा कि इस योजना को जागरूकता, मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण, परामर्श, हैंडहोल्डिंग, समीक्षा और प्रमाणीकरण फैलाने के द्वारा उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। उन्होंने उद्योगपतियों से ज़ेड सर्टिफिकेशन के तहत अपना पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस बीच, उद्योगों में छात्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने और श्रमिकों के लिए बीमा योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

# अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु नैनिताल पुलिस का सत्यापन अभियान जारी

## काठगोदाम पुलिस ने जागरूकता के साथ PG सहित 04 मकान मालिकों का किया चालान



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी- पंकज भट्ट, एसएसपी नैनीताल द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनपद नैनीताल स्तर पर सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश पर दिनांक- 20/06/2023 को थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा काठगोदाम क्षेत्र के पॉलीशीट में किरायेदार सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकाधिक लोगों को पुलिस सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया एवं अपने निवास स्थलों में बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 03 मकान स्वामियों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 10000- 10000 रुपए के कोर्ट चालान किए गए। इसके अतिरिक्त शिव मंदिर निकट [illegible] स्वामी हरीश सिंह द्वारा बिना सत्यापन अपने यहाँ विभिन्न प्रांतों से बृजलाल अस्पताल एवं आस पास काम करने आए लोगों को [illegible] में रखने पर उक्त के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 10000 रुपए कोर्ट चालान किया गया। सभी से अपील की गई
कि कोई भी बिना सत्यापन के अपने यहां किराएदार न रखा जाए। सत्यापन हेतु उत्तराखंड पुलिस ऐप के माध्यम से भी सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही बृजलाल अस्पताल से पालीशीट वाली संकरी सड़कों पर अपनी वाहन खड़ी कर पार्क करने वाले 10 वाहन स्वामियों के विरुद्ध भी आई रेड ऐप के माध्यम से चालान किए गए

# रामनगर पुलिस ने प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मिलकर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

रामनगर- रामनगर पुलिस द्वारा प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सड़क किनारे अतिक्रमण कर रहे 50 फड़, रेडी आदि से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उपजिलाधिकारी रामनगर गौरव चटवाल , क्षेत्राधिकारी रामनगर बी0एस0 भाकुनी के नेतृत्व मे व0उ0नि0 अनीश अहमद कोतवाली रामनगर व पुलिस टीम कोतवाली रामनगर व नगरपालिका ई0ओ0 महेन्द्र यादव व नगरपालिका कर्म0गणो के साथ संयुक्त रूप से थाना
क्षेत्रान्तर्गत लखनपुर चुंगी से थाना गेट तक समस्त ठेले व रेडी वालों द्वारा किये गए अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण की कार्यवाही लगातार जारी है ।

# पंजाब सरकार के मिशन घर-घर रोजगार के तहत को अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा: डिप्टी डायरेक्टर मीनाक्षी शर्मा

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- पंजाब सरकार के मिशन घर-घर रोज़गार के तहत जिला रोज़गार और व्यापार ब्यूरो, प्रताप चौक, संगीत सिनेमा के सामने, लुधियाना ने 21 जून, 2023 ( बुधवार ) को सुबह 10꞉00 बजे से दोपहर 1꞉00 बजे तक अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी उप निदेशक सुश्री मीनाक्षी शर्मा जिला रोजगार एवं व्यापार ब्यूरो ने दी।उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि इस अप्रेंटिसशिप मेले में भाग लें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस मेले में 12वीं, आईटीआई ( सभी ट्रेड ), डिप्लोमा धारक ( फ्रेशर्स और अनुभवी ) दोनों पास लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं। सुश्री सुखमन मान ( ईजीएसडीटीओ ) रोजगार सृजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी, लुधियाना ने और जानकारी देते हुए कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी इस अप्रेंटिसशिप मेले में भाग लेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि यदि आप अपना नाम जिला रोजगार एवं व्यापार ब्यूरो, लुधियाना में दर्ज कराना चाहते हैं तो शैक्षिक योग्यता के सभी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं उनकी फोटोकॉपी लेकर आएं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार इस कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 7740001682 पर संपर्क कर सकते हैं।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# सांसद अरोड़ा ने योग किया और ''सीएम दी योगशाला'' की प्रशंसा की



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- -आप% सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा उन लुधियान्वियों में शामिल थे, जिन्होंने मंगलवार सुबह आईएमए हॉल, बीआरएस नगर, लुधियाना में %द ब्रीथ कॉन्सर्ट विद लाइव म्यूजिक बाय राधेसा% के दौरान योग आसन किए। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लुधियाना और रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना मिडटाउन ने हमयोग इंडिया के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए किया था। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने जीवन में योग के महत्व और लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण बनाता है। अरोड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें ध्यान और योग की सदियों पुरानी परंपरा की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि लोग इस पुरानी परंपरा को समय के साथ भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने नागरिकों तक योग की पहुंच को आसान बनाने और पंजाब के लोगों को स्वस्थ जीवन शैली देने के लिए सीएम दी योगशाला शुरू की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे पंजाब में योग को एक जन आंदोलन बनाना चाहती है। इसलिए, उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे योग को अपने और अपने परिवार के जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि卐सीएम दी योगशाला卐 के तहत पंजाब में प्रमाणित योग प्रशिक्षकों की एक टीम स्थापित की गई है, जो योग को घर-घर तक पहुंचाने में मदद करेगी और योग प्रशिक्षकों को जनता तक पहुंचाकर इसे एक जन आंदोलन में बदल देगी।

# सीटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- - सीटी यूनिवर्सिटी के खेल निदेशालय और छात्र कल्याण विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाकर जीवन में योग के महत्व को मनाया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम, 2023 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग卐 पर केंद्रित था, जो 卐एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य卐 के लिए हमारी साझा आकांक्षा का प्रतीक है। योग अभ्यास के माध्यम से मानव शरीर और आत्मा दोनों की शुद्धि पर जोर देते हुए योग सत्र का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली। एनएसएस, एनसीसी और फाउंडेशन क्लास के छात्र-छात्राएं एक साथ आए और इस दिन को सेलिब्रेट किया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले वाइस चांसलर (ऑफ़) डॉ. अभिषेक त्रिपाठी थे, जिन्होंने दर्शकों को फिटनेस बनाए रखने और स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने के लिए दैनिक दिनचर्या के रूप में योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, वाइस चांसलर (ऑफ़) डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने कहा, 卐योग एक परिवर्तनकारी अभ्यास है जो व्यक्तियों में सद्भाव और कल्याण लाता है।

शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक संतुलन卐 को बढ़ावा देने के लिए हमारे लिए योग को अपने जीवन में शामिल करना आवश्यक है। मोहम्मद सलीम जावेद, प्रोफेसर और डीन फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, सीटी यूनिवर्सिटी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। दविंदर सिंह उप निदेशक, छात्र कल्याण विभाग ने समग्र कल्याण के लिए नियमित योग अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सिपाही की हुई मौत

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -श्रावस्ती एयरपोर्ट चौकी में तैनात सिपाही धर्मेंद्र कुमार चौधरी की संदिग्ध हालात में अपने कमरे में लाश मिली। वह किराये के मकान में अकेले रहते थे। पुलिस ने जांच की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। ग्राम गनवरिया थाना त्रिलोकीनाथ, जनपद सिद्धार्थनगर निवासी सिपाही धर्मेंद्र कुमार चौधरी पुत्र शालिग्राम जो थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती अंतर्गत एयरपोर्ट चौकी पर तैनात थे कटरा बाजार स्थित हंसराज द्विवेदी के मकान में पहली मंजिल पर कमरे में तीन महीने से किराये पर रह रहे थे जब वह काफी समय तक कमरे से बाहर नहीं आए तथा कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक तथा आसपास के लोगों ने आवाज लगाई कोई हरकत ना होने पर पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस आई तो कमरा खुला था।अंदर शव पड़ा हुआ था। मृत्यु काफी पहले होने के कारण शव से दुर्गंध आ रही थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। सूत्रों के मुताबिक सिपाही शराब पीता था। क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कामधेनू पेन्ट्स ने आयोजित की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट


राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



देहरादून- उच्च गुणवत्ता के पेन्ट व इमल्शन निर्माता और कामधेनू ग्रुप के ब्रांड कामधेनू पेन्ट्स ने अपने चैनल पार्टनरों के लिए दो दिवसीय 'कामधेनू सेंसेशनल बॉलीवुड नाइट (केएसबीएन 2)' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य है उन्हें उनके शानदा प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना और नई ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करना। पेन्ट कारोबार के डिमर्जर के बाद यह पहली तथा कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट है। देश भर से आए 800 से अधिक डीलरों ने अपने परिवारों के साथ इस आयोजन में शिरकत की। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर और बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता राजकुमार राव ने असाधारण प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनरों को पुरस्कार भेंट किए। विभिन्न प्रकार के गेम्स, संगीत और खानपान के साथ इस वर्ष के आयोजन में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए कुछ न कुछ अवश्य था। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम और उनके संग राहुल वैद्य ने अपनी गायकी से वहां मौजूद हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर सेलिब्रिटी जैकलीन फर्नान्डिस और रकुलप्रीत सिंह ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई और उनकी मौजूदगी से उपस्थित जन बहुत खुश हुए। जितेश चावला ने अपने जोक्स व मिमिक्री से लोगों को खूब हंसाया। दुनिया भर में जानेमाने डांस समूहों डांस स्मिथ और एमजे5 ने अपनी कमाल परफॉरमेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कामधेनू पेन्ट्स के प्रबंध निदेशक सौरभ अग्रवाल ने चैनल पार्टनर्स मीट के बारे में कहा, ''कामधेनू ग्रुप अपने हर चैनल पार्टनर को कामधेनू परिवार के अभिन्न सदस्य की तरह मानता है। उन्होंने कामधेनू को घर-घर में पहचाने जाने वाले एक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाई है। कामधेनू सेंसेशनल बॉलीवुड नाइट जैसे आयोजन न केवल हमें मौका देते हैं कि हम उनके अटूट समर्थन हेतु आभार व्यक्त कर सकें बल्कि इससे हमें उनकी जरूरतें समझने में भी मदद मिलती है, इस तरह से हम उन्हें सहयोग देने व उनके साथ मिलकर काम करने के सबसे प्रभावी तरीकों की भी पहचान कर पाते हैं। अपने चैनल पार्टनरों के साथ तालमेल से हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 के अंत तक रु. 1,000 करोड़ का रेवेन्यू अर्जित करना है।''

# पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सीसीसी का निशुल्क प्रशिक्षण

श्याम जी कश्यप
क्यूँ न लिखूँ सच



उत्तर प्रदेश सरकार के फर्रुखाबाद -उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सीसीसी का निशुल्क प्रशिक्षण श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित जोगराज स्ट्रीट स्थित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए सी.सी.सी. प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। जिसके लिए छात्र छात्राएं 27 जून तक आवेदन कर सकते है।

आवेदन के उपरांत चयनित छात्र छात्राओं को 3 माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्था के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि आज के समय में कंप्यूटर अति महत्वपूर्ण हो गया है। सभी सरकारी नौकरियों में सीसीसी कोर्स अनिवार्य है इस लिए पिछड़ावर्ग कल्याण द्वारा हर वर्ष इस योजना का आयोजन होता है जिससे छात्र छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त करके रोजगार प्राप्त कर सके। संस्था की प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि मेरिट एवम स्क्रेनिंग के आधार पर छात्रों का चयन किया जाएगा। योजना में प्रतिभाग के लिए छात्रों की पात्रता निम्नानुसार होनी चाहिए। अभ्यर्थी अन्य पिछड़े वर्ग का व्यक्ति होना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति की उम्र 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक के पास इंटरमीडिएट की अंकतालिका होना चाहिए। अभ्यर्थी की पारिवारिक आय एक लाख रुपये तक होनी चाहिए। आवेदन के लिए छात्रों को निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी 10th व 12th का अंकपत्र। आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र

# महिला यौन उत्पीडन कार्यशाला का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती -सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी 62 वी वाहिनी भिनगा के निर्देशानुसार निरीक्षक एस.के. शर्मा स॥ह्र महिला पुलिस थाना भिनगा के द्वारा 62वीं वाहिनी मुख्यालय स.सी.ब., भिनगा के सभागार कक्ष में महिला यौन उत्पीडन से सम्बंधित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक एस.के. शर्मा स॥ह्र महिला पुलिस थाना भिनगा एवं उनकी टीम के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी एस.एस.बी. महिला कार्मिकों को महिला यौन उत्पीडन से सम्बंधित जानकारी दी गई उत्पीडन मामले से सम्बंधित हेल्प लाइन नम्बर एवं उस पर की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारें में बताते हुए यौन उत्पीडन से बचने के उपाय एवं सरकारी सेवा के दौरान उनकी अन्य किसी भी प्रकार की परेशानियों के बारे में पूछा गया इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश पुलिस से उप-निरीक्षक हौसला देवी, मुख्य आरक्षी शिवांगी दीक्षित, मुख्य आरक्षी मोहिनी विश्वकर्मा और 62वीं वाहिनी स.सी.ब. भिनगा के सभी महिला बलकार्मिक मौजूद रहीं

# सिकंदरपुर में मोबाइल को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट दो घायल

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच



अकराबाद - गांव सिकंदरपुर में एक मोबाइल को लेकर दो पक्षों के लोग आमने सामने आ गये। जमकर मारपीट हो गई। दो लोगों के गंभीर चोटें आईं हैं। गांव सिकंदरपुर निवासी गोपाल पुत्र चंद्रपाल गांव में ही आयोजित भंडारे में शामिल होने गया हुआ था। इसी बीच उसका किसी तरह जेब से मोबाइल गिर गया और गांव के एक अन्य युवक को उठाते देख लिया।जब उससे मोबाइल मांगा तो उसने देने से मना कर दिया।इसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हो गई। और देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग मौके पर आगये जमकर लाठी डंडों से मारपीट हो गई। अवधेश व गोपाल लहुलुहान हो गये। पुलिस ने दोनों घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया है। पीड़ित ने गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# खुले में नमाज अदा की तो होगी कार्यवाई -सर्जना सिंह



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - पिलखना नगर पंचायत कार्यालय में पीस कमैटी की बैठक का आयोजन किया गया। सीओ बरला स सर्जना सिंह ने मौजूद लोगों से कहा आगामी बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग मनायें। कोई भी व्यक्ति खुले में नमाज़ अता नहीं करेगा। खुले में कुर्बानी नहीं होगी। प्रतिबंधित पशुओं का कटान नही किया जाये। कोतवाल एमपीसिंह ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी कि वह त्योहार के दौरान कोई खुरापात न करें अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जायेगी। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह पुलिस को अवगत करायें।समय रहते उसकी समस्या का समाधान किया जायेगा।बैठक में जाहिद खान,आबिद खान,मौहम्मद मुनीश, ग्याशुद्दीन, अकील, सलमान, इकराम, बजरुद्दीन, दानिश, सत्तार खां, यतेंद्र,अलीमौहम्मद सहित तमाम कस्बावासी मौजूद रहे।

# जातिसूचक शब्दों का विरोध करने पर युवती के कपड़े फाड़े तीन के खिलाफ रिपोर्ट

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को जातिसूचक शब्दों का विरोध करना उस समय भारी पड़ गया। जब आरोपियों ने उसके घर जाकर गालीगलौज करते हुये उसके कपड़े फाड़ दिये और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है। कि। गुरुवार को उसकी बेटी घर पर अकेली थी और मेरे बेटे की गांव के कुछ लोगों से जाति सूचक शब्दों को लेकर कहासुनी हो गई थी। बेटी ने जातिसूचक शब्दों का विरोध किया तो आरोपित आए और मेरी बेटी को मारने पर उतारू हो गए। बेटी ने बचने की कोशिश की तो उसे पकड़ कर उसके साथ हाथापाई करने लगे। डंडों से मारपीट भी कर दी। आरोप है कि आरोपियों में से दो लोगों ने बेटी के कपड़े फाड़ दिए और हाथ में दांतों से काट लिया। जिससे उसके शरीर पर कई जख्म बन गए। मामले के संबंध में कोतवाल एमपी सिंह ने बताया है पीड़िता के पिता की तहरीर पर आदिल, सचिन कुमार, व उषा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है।

# भाजयुमो के मंडल संयोजक बने विनय उर्फ विट्टू वार्ष्णेय

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अकराबाद - भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोधी ने कौड़ियागंज निवासी विनय वार्ष्णेय उर्फ बिट्टू को अकराबाद मंडल का संयोजक नियुक्त किया है। विट्टू के मनोनयन पर युवाओं में खुशी की लहर हैं बिट्टू वार्ष्णेय ने सभी युवा मोर्चा के साथियों से लोकसभा चुनाव में जुटने के लिए अपील की है।

# शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की 90वीं स्मृति दिवस केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में मनाया गया

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद मे शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की 90वीं स्मृति दिवस केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में मनाया गया केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की 90वीं पुण्यतिथि पर मणीन्द्र नाथ बनर्जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह जिलाधिकारी व अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक तथा समारोह में आए अधिगम अतिथि गणों द्वारा माल्यार्पण एवं शहीद उपवन में स्थितकीर्ति स्तंभ पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई स्मारक स्थल पर मणीन्द्र नाथ बनर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जनपद के लोगों का ताता लगा रहा अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत शहीद उपवन में वृक्षारोपण किया गया कारागार बैंड की धुन पर वी0ए0सी0 बल द्वारा सशक्त सलामी दी गई समारोह का औपचारिक शुभारंभ श्री गिरीश चंद्र दुबे द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडेय द्वारा समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों समाजसेवियों एवं गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों सहित समस्त अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया मंच का संचालन वैभव सोमवंशी द्वारा किया गया कार्यक्रम में पधारे भूपेंद्र सिंह, बॉबी दुबे चंद्रप्रकाश दीक्षित, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन के जिला महामंत्री अरविंद शुक्ला द्वारा युवाओं को मणीन्द्र नाथ बनर्जी के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की पंक्तियों मरो परंतु यू मरो की याद जो करें सभी के माध्यम से राष्ट्रभक्त मणीन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्रणोत्सर्ग किए जाने हेतु शत-शत नमन एवं वंदन किया गया




डॉ रामकृष्ण राजपूत ने जिले के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में 161 लोगों को फांसी 243 लोगों को काला पानी और 7 से अधिक लोगों को कारावास मिला था केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में तो एक साथ चार चार महान क्रांतिकारी मणीन्द्र नाथ बनर्जी यशपाल मन्मथ नाथ गुप्त एवं चंद्रमा सिंह एक साथ निरूद्ध रहे तथा ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों एवं यातनाओं को रहते हुए ब्रिटिश जेल प्रशासन के अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ लगातार 66 दिन अनशन करते हुए मणीन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा अपने प्राणों की आहुति दे दी उनके द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में सम्मिलित रहे समस्त ज्ञात एवं अज्ञात सेनानियों को नमन किया गया वरिष्ठ अधीक्षक पी एन पांडे द्वारा समारोह में आए समस्त अतिथि गणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया

# कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जुलाई से शुरू होकर दो माह चलने वाली कावंड यात्रा की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। कलक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिए जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जाए। सभी एसडीएम, सीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारी सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। कांवड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। सड़क किनारे सहायता कैंप लगाए जाएंगे। डीएम ने कहा कि इस बार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा दो माह तक चलेगी। इसलिए यात्रियों के निकलने वाले रूटों पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी स्वयं भी भ्रमण करें। सड़क किनारे पटरी ठीक कराने के साथ झाड़ियों को भी कटवाया जाए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कांवड़ियों वाले रूटों पर बेहतर सफाई कराई जाए। मार्ग में पड़ने वाले सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील कराया जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी विनोद कुमार पांडेय, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, सीएमओ डा. यूके त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर शिवकुमार, एसडीएम जलेसर रामनयन, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

शिविरों में कांवड़ियों को मिलेगी मेडिकल सहायता डीएम ने कहा कि सहायता शिविरों में कांवड़ियों को मेडिकल सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। रूटों पर एंबुलेंस सुविधा भी दी जाएगी। सभी एसडीएम, सीओ अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर आवश्यक तैयारियों को पूर्व से ही पूर्ण कर लें। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम संचालित होगा डीएम ने कहा कि जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम संचालित रहेगा। इसके प्रभारी डीएसटीओ प्रदीप कुमार होंगे। यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो कन्ट्रोल रूम पर दर्ज करा सकते हैं।

यात्रा मार्ग पर नहीं हो मीट की दुकान व आवारा पशु- डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रियों के रूट पर यदि कोई मीट की दुकान है तो बंद रखी जाए। शिविर के नजदीक एंबुलेंस की भी सुविधा मिलेगी। पीआरवी भी मुस्तैद रहेगी। छुट्टा एवं आवारा पशुओं को नजदीकी गोआश्रय स्थल में पहुंचाने की कार्रवाई की जाए। यात्रा को लगाएं स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी- डीएम ने कहा कि चिह्नित स्थानों पर सहायता शिविर में कांवड़ियों को पीने के पानी, मेडिकल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर में स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी, जिससे कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# मलावन ट्रैक पर जल्द दौड़ सकती हैं ट्रेन, तैयारी तेज

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा-मलावन के बीच बनाई रही 24.4 किमी लंबी रेल लाइन निर्माण कार्य 99 फीसदी तक पूर्ण हो चुका है। अब इस रेलवे लाइन को स्वचलित इलेक्ट्रिक इंटर लॉकिंग संरक्षा प्रणाली से लैस किया जा रहा है। साथ ही सिग्नल एवं टेलीकॉम का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रेलवे लाइन के सबसे बड़े ब्रिज को बनाकर तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होते ही नवनिर्मित रेलवे लाइन पर अगले महीने ट्रेन दौड़ती नजर आ सकती है। एटा रेलवे स्टेशन के नजदीक गोकुल नगला से जवाहर तापीय विद्युत परियोजना तक कार्यदायी संस्था राइट्स ने लगभग 99 फीसदी रेलवे लाइन का निर्माण कर लिया है। इसके साथ ही रेलवे लाइन पर पड़ने वाले कुल पांच में से चार पुल पर गार्डर लांच करने के साथ पटरियां भी बिछादी हैं। वहीं गांव अंबारी के समीप नेशनल हाइवे पर रेलवे लाइन के सबसे बड़े यानी 60 मीटर लंबे लोहे के पुल को इंजीनियर एवं मजदूर दिनरात बनाकर तैयार कर रहे हैं। रेलवे पुल का निर्माण पूर्ण होते ही रेलवे लाइन रेल चलाने योग्य हो जाएगी हालांकि रेल का संचालन इलेक्ट्रिक इंटर लॉकिंग एवं सिग्नल एवं टेलीकॉम का कार्य पूर्ण होने के बाद ही सही प्रकार प्रारंभ होगा। अगले माह तक दौड़ जाएगी नए ट्रैक पर ट्रैन एटा। सोमवार को रेलवे लाइन निर्माण कार्यदायी राइट्स के इंजीनियर अनूप यादव ने बताया कि गोकुल नगला से मलावन स्थित पॉवर प्लांट तक 99 फीसदी रेलवे ट्रैक बिछाकर तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही अमांपुर रोड, गंजडुंडवारा रोड, नहर, अलीगंज रोड पर रेलवे पुल बनाकर तैयार किए जा चुके हैं। उन पर पटरियां भी बिछाई जा चुकी हैं। अब केवल एनएच पर पड़ने वाले 60 मीटर लंबे लोहे के पुल को तैयार किया जा रहा है। इस पुल के बनते ही रेलवे ट्रैक ट्रेन चलाने योग्य हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 10 दिन के अंदर एनएच रेलवे पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बनते ही सिग्नल एवं टेलीकॉम के अलावा इलेक्ट्रिक इंटरलॉकिंग का कार्य और तेजी ये शुरू हो जाएगा। वहीं विद्युतीकरण कार्य रेल चलने के बाद भी होता रहेगा। एटा से मलावन के बीच दो स्टेशनों से ऑपरेट होगी मालगाड़िया एटा। कार्यदायी संस्था के इंजीनियर ने बताया कि एटा-मलावन के बीच गांव सिंहपुर लोया स्थित एक रेलवे स्टेशन बनाया गया है। इस स्टेशन से मलावन तक रेलवे लाइन और मालगाड़ियों को वहां नियुक्त किए जाने वाले स्टेशन मास्टर ऑपरेट करेंगे। वहीं एटा रेलवे स्टेशन से गोकुल नगला तक एटा के रेलवे स्टेशन मास्टर ट्रैक और मालगाड़ियों को ऑपरेट करेंगे। उन्होंने बताया कि सिंहपुर लोया स्टेशन पर पॉवर प्लांट मैलेजमेंट अपने नियुक्त करेगे, या फिर रेलवे से स्टेशन मास्टर एवं अन्य स्टॉफ की मांग करेगे।

# उद्यान विभाग कराएगा 80 हजार फलदार पौधों का रोपण

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- उद्यान विभाग जिले को फलदार पौधों से हराभरा बनाएगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। मानसून की शुरूआत होते ही पौधारोपण शुरू होगा। जिला उद्यान निरीक्षण रवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मानसून की शुरूआत होते ही विभाग के माध्यम से जिले में कुल 80 हजार कलमी और बीजक फलदार पौधे रोपित कराए जाएंगे। यह सभी पौधे अलीगंज रोड स्थित मुख्य राजकीय पौधशाला एवं प्रक्षेत्र पौधशाला चरपई में तैयार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के माध्यम से सहजन, इमली, नीबू, अमरूद, अनार, जामुन, पपीता आंवला एवं बेल के आदि विभिन्न प्रकार के फल वाले पौधों का रोपण कराया जाएगा। शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार उद्यान विभाग 80 हजार पौधे निशुल्क उपलब्ध कराएगा।

## इन स्थानों पर होगा फलदार पौधों का रोपण

एटा। उद्यान निरीक्षक ने बताया कि पौधों की सही ढंग से देखभाल हो सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए पौधा रोपण कराए जाने वाले स्थान विभाग ने स्वयं चिन्हित किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में फलदार पौधों का रोपण नवोदय विद्यालय कैंपस, केंद्रीय विद्यालय कैंपस, पीएसी बटालियन कैंपस, चपरई पौधशाला के अलावा ब्लॉक मारहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराय अहमद खां, फिरोजपुर सलामी, ब्लॉक सकीट क्षेत्र की ग्राम पंचायत कवार, मलावन एवं शीतलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शीतलपुर एवं कुसाड़ी में कराया जाएगा। इसके अलावा जिले से सभी 18 कोल्ड स्टोर के कैंपसों में फलदार पौधों का रोपण कराया जाएगा। इन सभी स्थानों पर शिशु पौधों की सही से देखभाल हो सकेगी।

# बैंक मित्र व डेली वेश के सहारे चल रही आर्यावर्त बैंक

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर- भारत सरकार के उपक्रम मैनेजर के बजै बैंक मित्रों ने कमान संभाल रखी है इसका जीता जागता प्रमाण आर्यावर्त बैंक स्थित पटना पक्षी विहार जलेसर एटा में एक ऐसा नजारा देखने को मिला जो उंगली दांत तले दब गई बताते चलें कि दबंग बैंक मित्र का कहना है बैंक मैनेजर हमको चाबी देते हैं मेरी बैंक का खुलने का कोई समय नहीं है मेरी जब मर्जी होती है उसी समय मैं बैंक खोल देता हूं पत्रकार सूर्य प्रकाश भारद्वाज ने पूछा आप किस के आदेश से बैंक को खोलते हो निर्धारित समय के पूर्व खोलते हो तो बैंक मित्र ने जवाब दिया मैनेजर ने हमको चाबी दी अब मेरी मर्जी कि मैं 8=00 बजे खोलो या फिर 9=00 बजे खोलूं पत्रकार ने पुनः पूछा यदि बैंक समय से पूर्व खुलती है यदि कोई घटना घट जाए तो कौन जिम्मेदार होगा बड़ी अकड़ से कहा मेरा काम है बैंक खोलना घटना घटी तो मैनेजर जाने मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है बताते चलें कि क्षेत्र में एक ऐसी बैंक है जिसका खोलने का कोई समय निर्धारित नहीं है जबकि भारत सरकार द्वारा नियम है मैनेजर और गार्ड की उपस्थिति में बैंक को खोला जाता है मगर यहां पर सरकार के नियमों को बलाए ताक रखकर मनमर्जी के मुताबिक पंचायत मित्र के आधे शाखा प्रबंधक भी बौने साबित हो रहे है।

आखिरकार शाखा प्रबंधक की ऐसी क्या मजबूरी है जो बैंक मित्र को चाबी देकर बड़े हादसा होने की कुचक्र रचा जा रहा है। जबकि शाखा प्रबंधक को सरकार द्वारा नगर में आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है उसके बाद भी बैंक मैनेजर मुख्यालय पर न रुख कर जबकि 56 किलोमीटर अप डाउन करना यह कहां से संभव है किस नियमावली में है क्या शाखा प्रबंधक हमारे प्रश्न का उत्तर दे

पाएंगे जबकि शासनादेश है अधिकारी मुख्यालय पर ही रहेंगे मगर शाखा प्रबंधक की शाखा प्रबंधक की पकड़ मजबूत होने के कारण शासन की आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं समय रहते सरकार ने इस प्रश्न को गंभीरता से न लिया तो किसी समय अनहोनी घटना घट सकती है। उपभोक्ताओं का कहना है लेन दैन खाता खुलवाना सारे कार्य आदि सभी अपने बैंक मित्र व डेली वेब बाले से करवाते हैं ऐसा बैंक खाता धारकों का आरोप है

सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है शाखा प्रबंधक इन दोनों कर्मचारियों के सहारे शाखा चला रहे हैं और अपनी मौज मस्ती में मशगुल है शाखा प्रबंधक ने इस प्रतिनिधि को धौंस दे कर के कहा ज्यादा पत्रकारिता दिखाओगे तो मिट्टी में मिला देंगे अपने चमचों द्वारा मिट्टी में मिलवा दूंगा पत्रकारिता धरी की धरी रह जाएगी बड़े खेत की बात है की जनता का नौकर पत्रकार को धौंस दे रहा है शासन को चाहिए ऐसे भ्रष्ट मैनेजर के खिलाफ ऐसे बैंक मैनेजर को तत्काल ही निलंबित करके उसकी जांच कराई जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा

# हाउसिंग बोर्ड भाई रणधीर सिंह नगर में लगे निशुल्क शिविर में अध्यक्ष शरण पाल सिंह मक्कड़ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर सत्संग सभा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भाई रणधीर सिंह नगर लुधियाना में ब्लॉक अध्यक्ष लुधियाना पश्चिम अमनदीप सिंह भट्टल व गुरुद्वारा कमेटी के सहयोग से नेत्र मुक्त शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला वित्त एवं योजना समिति/जिलाध्यक्ष शरण पाल सिंह मक्कड़ पहुंचे। उनके साथ जिला लुधियाना उपाध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल, कार्यालय प्रभारी मास्टर हरि सिंह, रिटा. डीएसपी जगदीप सिंह भट्टल, सचिन शर्मा, विक्रमजीत सिंह, पवनदीप सिंह, मैडम निकी कोहली, पवन अरोड़ा, अनीश खान, राकेश बजाज, करण भल्ला, सनी मास्टर, गोबिंद मिश्रा, चरणप्रीत सिंह लांबा सहित आम आदमी पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए । इनके अलावा दिनेश कुमार शर्मा, राजिंदर सिंह गोल्डी, शेरू सचदेवा, हरप्रीत सिंह बुट्टर, गुरप्रीत सिंह सरन, नागी, एएसआई दिलबाग सिंह, मोहनी कांग, मंदिर अध्यक्ष मंगत शर्मा भी पहुंचे। अध्यक्ष शरण पाल सिंह मक्कड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि भट्टल परिवार क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। भट्टल परिवार ने निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया है जिसमें आँखों का चश्मा भी निःशुल्क दिया जायेगा। अमनदीप सिंह भट्टल की यह पहल सराहनीय है। एएसजीआई अस्पताल के डॉ जयेंद्र ऐलवाडी और उनकी पूरी टीम भी बधाई के पात्र हैं जो शिविर में लोगों की आंखों की जांच कर रहे हैं।



# Spain won the UEFA Nations League title for the first time, beating Croatia 5–4 in the penalty shootout.

Spain has won an international trophy after 11 years. Earlier in 2012, winning the European Championship title, Spain won the UEFA Nations League football title for the first time by defeating Croatia 5-4 in the penalty shootout in the final. The score was 0–0 after regulation time, and extra time saw no goals after which the match went to a penalty shootout. Spain's victory was marked by a stellar performance from goalkeeper Unai Simeone, who denied Croatia twice during the shootout. Meanwhile, Croatia and their experienced captain Luka Modric, 37, still have to wait for their first international trophy. When the score




was tied 3–3 during the shootout, goalkeeper Simeone denied Croatia's Lovro Majer a goal. Then the score was 4-4, so Simone did not allow Bruno Petkovic to score. Then Dani Carjaval scored a goal to give the team a 5-4 victory. The teams of Spain and Croatia kept trying to score goals till the stipulated time, but could not succeed in it. Italy finished third, beating the Netherlands 3–2 in the Surrey place match to take third place. Federico Dimarco (6th minute), Davide Fatesi (20th minute) and Federico Chiesa (72nd minute) scored for Italy. On the other hand, Steven Bergavin (68th minute) and Georginio Wijnaldum (89th minute) scored for the Netherlands, but it was not enough to win.

# Pakistan gets visa for SAFF Championship in India, competes with Team India in first match

The Pakistan team was stuck in Mauritius. There he participated in the four-nation Nations Cup tournament from the SAFF competition. Preparations for South Asia's biggest football tournament have not gone well for Pakistan. He had to face defeat in all the matches in the



Nations Cup. The way for the Pakistan football team to participate in the SAFF Football Championship has been cleared. He got the visa on Monday (June 19). The Pakistan team is looking for an early flight from Mauritius so that they can reach India in time for their first match against India at the Kanteerava Stadium on January 21. The match between the two teams will start at 7.30 pm. An official of the Karnataka State Football Association confirmed to news agency PTI that the Pakistani team had got visas. He said, "Yes, we are aware of the visa approval for the Pakistan team. We are expecting his team to reach Bengaluru on Tuesday ahead of the much-anticipated match against India on Wednesday. We are expecting a big crowd of spectators. "There will be no change in the program of India and Pakistan - The official said that at this time we are not thinking of changing the schedule of the match. He is working closely with AIFF in this regard. Earlier, the arrival of the Pakistan football team for the SAFF tournament was left in limbo due to delay in the visa process required to travel to India. Pakistan team played in four-nation tournament in Mauritius - Pakistan team was stuck in Mauritius. There he participated in the four-nation Nations Cup tournament from the SAFF competition. Preparations for South Asia's biggest football tournament have not gone well for Pakistan. In the Nations Cup, he had to face defeat in all the matches. She finished fourth at the bottom.

# Indian football team won hearts, did this work for the victims of Balasore train accident

Skipper Sunil Chhetri's 87th international goal and goals from Lallianzuala Chhangte helped India beat Lebanon 2-0 in the final of the Intercontinental Cup at the Kalinga Stadium on Sunday night. The Indian men's football team has won the hearts of millions of fans after winning the Intercontinental Cup. Odisha Chief Minister Naveen Patnaik announced a cash prize of Rs one crore to the winning team. At the same time, the Indian team, showing generosity, decided to donate Rs 20 lakh. These rupees will be given for the relief and





rehabilitation work of the affected families of the Balasore train accident that happened earlier this month.India beat Lebanon 2-0 in the final of the Intercontinental Cup at the Kalinga Stadium on Sunday night thanks to skipper Sunil Chhetri's 87th international goal and goals from Lallianzuala Chhangte. The football team on Monday tweeted that they will donate Rs 20 lakh for the victims of the Balasore train accident. India won the Intercontinental Cup for the second time - Team India won the Intercontinental Cup for the second time. India last won this tournament in 2018. After 2019, this tournament could not be held due to the Corona epidemic. This is the third edition of the Intercontinental Cup and India has become the champion for the second time. What did captain Sunil Chhetri say?- Sunil Chhetri said, "We could not perform well against Lebanon in the last match. So in the final, many people thought that we would not be able to beat Lebanon in the final, but we played well and won by a margin of two goals. The coaching staff has done a great job. '''''' Coach Igor Stimac praised the team fiercely after the victory. He said that the players showed tremendous game in the second half of the match. According to Stimac, these were the best 45 minutes played by the Indian football team in the last five decades. He said that in the first half we missed some chances, but in the second half the players showed aggression. Clean sheet (not eating a single round) is very pleasant. We didn't let even a single goal go our way.

# Vani Devi created history in the Asian Championships, became the first Indian swordsman to win a medal

Bhavani had caused an upset by defeating defending world champion Misaki Emura of Japan 15-10 in the quarterfinals. It was Bhavani's first win against Misaki. Olympian CA Bhavani Devi created history by winning a bronze medal despite going down in the semi-finals of the women's saber event at the Asian Fencing Championships in Wuxi, China on Monday. This is India's first medal in this competition. The 29-year-old Bhavani went down 14-15 in a hard-fought match against Uzbekistan's Zeynab Deybekova in the semi-finals but ensured India's first medal at the prestigious event. The upset was by defeating Emura 15–10. This was Bhavani's first win against Misaki. Earlier, she had lost all her matches against this Japanese player. Misaki had won gold in the women's saber event at the 2022 World Fencing Championships in Cairo.Bhavani got a bye in the round of 64 after which she defeated Dospe Karina of Kazakhstan in the next round. The Indian player upset third seed Ozaki Seri 15-11 in the pre-quarterfinals as well. Fencing Association of India congratulated - General Secretary of Fencing Association of India, Rajeev Mehta has congratulated Bhavani on her historic achievement. "Even though she lost in the semi-finals, the match was very close. The difference was only one point. So it's a big improvement." Bhavani, who became the first Indian fencer to qualify for the Olympics, had crashed out in the round of 32 at the Tokyo Games. "It's a very proud day for Indian fencing," said Rajeev Mehta, general secretary of the Fencing Federation of India. Is. Bhavani has done what no one else has been able to achieve before. She is the first Indian fencer to win a medal at the prestigious Asian Championships. I congratulate him on behalf of the entire fencing world.



# 'Playing the role of Raghav was a big responsibility', says Prabhas about his character in Adipurush

The film 'Adipurush' has been facing constant criticism since its release. From the dialogues of the film, the audience is fiercely targeting the cast of the film. Not only this, after watching the film, people are also accusing producer Om Raut of hurting their religious sentiments. Now meanwhile, Prabhas has shared some of his experiences regarding the role of Raghav in the film. So let's know what the actor has said. Actor Prabhas has appeared in the role of 'Raghav' in the film 'Adipurush'. Ever since the release of the film's poster, the audience has



been trolling the actor for his look, but on the other hand, Prabhas fans are praising his performance in the film. Many people are also remembering Prabhas of 'Bahubali' after seeing the actor's role in the film 'Adipurush'. Now the actor has revealed that playing the role of Raghav was no less than a big responsibility for him. Recently, in an interview, Prabhas said, 'I had some doubts about the film, but had no objection. Considering the religious sentiments of the people towards Shri Ram, playing such a character is no less than a big responsibility. It was constantly running in my mind that how would I make that character successful, but I read the script of the film and gradually I was successful enough to play this role.' Prabhas further said, 'This film' 'Ramayana' revolves around the epic story, which is deeply rooted in Indian culture and religion. So my entire focus in the film was to play this character the way the audience has seen Shri Ram so far. We all have grown up listening to the story of 'Ramayana'. That's why I put my whole life into this character. ' Let us tell you that the film 'Adipurush' has been released in theaters on 16 June. In the film, Prabhas is playing the role of Raghav, while Kriti Sanon is seen in the role of Mata Janaki. The film has been mired in controversies since its release. In this, questions are being raised from Ravana's look to Hanuman's dialogue.

# People were crazy about this 'grandmother' of 'Hum Log', letters used to reach Doordarshan for the actress

Renowned Hindi cinema actress Sushma Seth is celebrating her birthday today i.e. on 20th June. The actress did theater for almost 20 years. Sushma entered the film industry at the age of 42. During his career, he worked in superhit films like Junoon, Silsila, Prem Rog, Tawaif. In films, the actress often appeared in the role of grandmother or mother. His character in superstar Shah Rukh Khan's film Kal Ho Naa Ho was well-liked. He entertained



the audience a lot with his powerful performance. Born in Delhi, Sushma has millions of fans. We can guess from this. Actually, there was a lot of demand for his character in the country's first TV serial 'Hum Log'. Her fans used to send letter-filled letters to Doordarshan for her. Yes, Sushma's magic was speaking on people's heads. This was revealed by 'Hum Log' actress Sushma herself. Actually, some time ago the star cast of the show reached the popular comedy show The Kapil Sharma Show on TV. The actress was involved in the show through video calls. During this, she told how she got the role of Dadi in Hum Log serial and why she said yes to this role. In this show, she played the role of Imarti Devi. During the conversation, he told that the character of Dadi was written so beautifully that I fell in love with it. He liked his character very much and he immediately agreed for this character. The host of the show Kapil asked her that Sushma ji, is it true that the grandmother's character was to be shown in the show only for a short period of time. Responding to Kapil's question, the actress said that yes, it is true in Doordarshan. He used to receive letters from fans asking him not to kill Dadi's character. This was the reason why the makers of the show decided to continue with the character. However, as per the demand of the story, Dadi Imarti had to be shown dying of cancer at the end of the show.

# Aamir trolled for wearing casual dress in Karan Deol-Drishna's reception party, users said- Garib Khan


Bollywood actor Aamir Khan recently attended the wedding reception party of Sunny Deol's son Karan Deol and Drisha Acharya on Monday, June 20. During this, Aamir wore a casual dress. However, the actor's dressing sense did not go down well with the users and they trolled the actor for dressing like this. Actually, a video of Aamir Khan has surfaced from the reception party of Karan and Drisha's wedding. In the video, the actor was seen dressed in a



brown kurta and blue denim and kept his hair tied back with a hair band. There was a stain on the actor's kurta, which caught the attention of users, following which users trolled Aamir for wearing simple clothes. Trolling Aamir, a user commented, 'Is this the way to get ready for the wedding ceremony?' While another user wrote, 'Zero knowledge about getting ready on auspicious occasions like weddings.' Another user commented, 'My gardener also wears nice clothes when he comes to cut the grass. I do not allow them to come to my child's wedding reception wearing such clothes. Another user wrote, 'Garib Khan'. At the same time, some users also came in support of Aamir Khan. The actor's fans appreciated and praised him for his simplicity. His fans said that Aamir never shows off. However, some fans praised his simplicity and sometimes advised him to wear nice clothes at weddings. On the other hand, talking about Aamir Khan's films, he was last seen in the film 'Lal Singh Chadha'. The actor decided to take a break from films for at least a year after the release. However, he did a cameo role in 'Salaam Venky'. Recently she was seen at the trailer launch event of Punjabi film Carry On Jatta 3 starring Gippy Grewal and Sonam Bajwa. When the actor was asked on the show about his return to films, he replied that he will do a film when he is emotionally ready.

# 'Ladli' arrives at Ram Charan and Upasana's house, Chiranjeevi's family gets excited after getting the daughter

Ram Charan's wife Upasana has given birth to their first child at Apollo Hospital in Hyderabad. A daughter has arrived at the stars' house. Both mother and child are fine. Finally the day megastar Chiranjeevi was waiting for since last nine months has arrived. A little angel i.e. daughter Rani has arrived at Ram Charan and Upasana's house on 20th June. Everyone's happiness is on cloud nine and along with the family, Ram Charan's fans are also ecstatic to hear this news. Ram Charan's wife Upasana gave birth to a beautiful baby girl on Tuesday, June 20, at Apollo Hospitals in Hyderabad. Both have become parents after 11 years of marriage. As per reports, the condition of the child and the mother is stable and they are recovering. Megastar Chiranjeevi and his wife, Surekha and the Kamineni family are elated to welcome a new member. In December last year, Ram Charan and Upasana had announced that they are expecting their first child soon. Fans' faces lit up on hearing this news. Both had traveled to many cities and countries during pregnancy. Ram Charan and Upasana were seen going to the hospital on the previous day. Both were spotted going to Apollo Hospital in Hyderabad. Upasana was admitted to a private hospital and finally gave birth to her first child.



Hearing this news, there is no place for the happiness of the fans. Ram Charan and Upasana's fans are congratulating the couple on hearing the news of the arrival of the little girl. There is an atmosphere of jubilation among the families as well as the fans of the actor. Recently, a report went viral, claiming that Ram Charan had given a hint on the gender of his unborn child in an interview. Ram Charan had already revealed in this viral video that whose son or daughter he is going to be the father of. The actor said, 'My first life is worship. My second life is my pet dog Rhyme. And my third life is about to come.' It was clear that the daughter of the actor's house is about to be born and so it happened. Let us tell you, Ram Charan and Upasana were living in their separate houses till now. But, the couple will soon go back to live with Chiranjeevi and Surekha.